## न्यूज डायरी



### मैट्रिमॉनियल साइट शादी डॉट कॉम पर भेदभाव के आरोप, ब्रिटेन में विवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। भारत की एक प्रमुख मैट्रिमॉनियल वेबसाइट शादी डॉट कॉम पर अनुसूचित जाति (एससी) समुदायों से भेदभाव के आरोप लगाए गए हैं। इसको लेकर ब्रिटेन में विवाद खड़ा हो गया है। यह वेबसाइट ब्रिटेन में भारतीय समुदाय के लोगों के लिए अपना जीवनसाथी तलाशने का सबसे बड़ा माध्यम है। संडे टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, आरोप में कहा गया है कि ऊंची जाति के किसी व्यक्ति की प्रोफाइल पर अनुसूचित जाति के रिश्तों का विकल्प तब तक नहीं आता, जब तक कि वह अन्य सभी जातियों का विकल्प नहीं चुनता है। हालांकि, शादी डॉट कॉमस ने जाति–आधारित भेदभाव से इनकार किया है क्योंकि इसकी सेटिंग (समुदाय के लिए) भेदभावपूर्ण नहीं है। उधर, एक वकील ने चेतावनी दी है कि इससे ब्रिटेन के समानता कानून का संभावित उल्लंघन हो सकता है। भारत में जातिगत भेदभाव गैरकानूनी है। ब्रिटेन में, समानता अधिनियम 2010 नस्ल और अन्य विशेषताओं के आधार पर भेदभाव को रोकता है।

### इदलिब प्रांत में झड़प में तुर्की के चार सैनिकों, सीरिया के कई सैनिकों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अंकारा, तीन फरवरी (एपी) सीरिया के सरकारी बलों ने सोमवार को उत्तर पश्चिमी सीरिया में भारी गोलाबारी की जिसमें तुर्की के कम से कम चार सैनिक मारे गए और नौ अन्य घायल हो गए।युद्ध पर नजर रखने वाले सीरिया के एक संगठन 'सीरियाई ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने कहा कि गोलेबारी में सीरिया के छह सैनिक भी मारे गए। देश के विद्रोहियों के कब्जे वाले अंतिम क्षेत्र इदलिब प्रांत में तुर्की की सेना के बड़े काफिले ने प्रवेश किया था जिसके कुछ घंटों बाद यह संघर्ष शुरू हो गया। आमतौर पर आमने सामने की सीधे झड़प नहीं होती है, लेकिन इस बार ऐसा हुआ है और इससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव और बढ़ सकता है।तुर्की के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि प्रांत में भेजे गए तुर्की के बलों के समन्वयकों ने इस बारे में पहले ही सूचना दे दी थी, उसके बावजूद इदलिब में गोलेबारी हुई है। उसने कहा कि तुर्की के बलों ने हमले के जवाब में कार्रवाई की।

### चीन के शिचुआन प्रांत में मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। दक्षिण पश्चिम चीन के शिचुआन प्रांत के क्युइंगबाइजिआंग जिले में सोमवार को 5.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने स्थिति से निपटने के लिए अपात कदम उठाए हैं। चीनी भूकंप नेटवर्ट केन्द्र (सीईएनसी) के अनुसार भूकंप का केन्द्र 30.74 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 104.46 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 21 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।भूकंप प्रभावित क्षेत्र के लिए कुल 150 राहतकर्मी और 34 वाहन भेजे गए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि अब तक किसी के हताहत होने अथवा संपति के नुकसान की सूचना नहीं है। जिनतांग काउंटी के निवासी जेहांग शुन ने शिन्हुआ को बताया,''भूकंप के झटके 10 से ज्यादा सेकेंड के लिए महसूस हुए और मेरा पलंग हिल रहा था।'' प्रांत की राजधानी के चेंगदू शहरी इलाके में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए।

### कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 361 हुई, 17,205 मामलों की पुष्टि

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन में कोरोना वायरस के कारण 57 और लोगों की मौत हो जाने के साथ ही इस विषाणु की चपेट में आने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 361 हो गई है। चीन स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को इसके 17,205 मामलों की पुष्टि की। चीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने सोमवार को अपनी दैनिक रिपोर्ट में कहा कि दो फरवरी को कोरोना वायरस के 2,829 नए मामले सामने आए हैं। इससे संक्रमित लोगों की कुल संख्या 17, 205 हो गई है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने आयोग के हवाले से बताया कि रविवार को इसकी चपेट में आने से 57 और लोगों की जान चली गई, जिससे इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 361 हो गई।

# चीन ने 10 दिनों में तैयार किया 1000 बेड का हॉस्पिटल

**करॉना वायरस**

## 23 जनवरी से 2 फरवरी के बीच तैयार हुआ हॉस्पिटल, इलाज भी शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वुहान (चीन)। करॉना वायरस जैसी महामारी से जूझ रहे चीन ने 10 दिनों के अंदर 1000 बेड का हॉस्पिटल तैयार कर दिया। हुबेई प्रांत के वुहान शहर में स्थित इस अस्पताल में सेना के 1400 डॉक्टरों की एक टीम भी सोमवार को तैनात हो गई है और लोगों का इलाज शुरू कर दिया गया है। करॉना वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित वुहान शहर ही हुआ है। चीन में अब तक इस वायरस से मरने वालों की संख्या 304 पहुंच गई है और मरीजों की संख्या 14 हजार के पार पहुंच गई है।

बता दें कि इस अस्पताल का निर्माण 23 जनवरी को शुरू हुआ था और 2 फरवरी यानी रविवार को अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा हो गया। इस अस्पताल के निर्माण की कमान चीन की सेना ने अपने हाथों में ली थी और इसका जिम्मा भी सेना ही संभालेगी। इतने कम समय में इतने विशालकाय अस्पताल के निर्माण के लिए चीन ने मशीनों की फौज झोंक दी थी, जिसकी तस्वीरें



इंटरनेट पर खूब देखी गईं। 25 हजार वर्ग मीटर में तैयार हो रहे इस अस्पताल में सोमवार से इलाज शुरू हो गया। चीन के सरकारी अखबार पीपुल्स डेली चाइना ने इस पूरे प्रॉजेक्ट का एक टाइम लेप्स विडियो शेयर किया है। 2 मिनट के इस विडियो में देखा जा सकता है कि कैसे 23 जनवरी से 2 फरवरी के बीच यह प्रॉजेक्ट पूरा हो गया।

**करॉना वायरस की दहशत, डब्ल्यूएचओ ने घोषित किया इमरजेंसी**

चीन में करॉना वायरस की जबरदस्त दहशत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे इंटरनैशनल इमर्जेंसी घोषित कर दिया है। बीमारी की भयावहता का अंदाजा इससे लगा सकते हैं कि पिछले हफ्ते वुहान में चलते–चलते एक शख्स की मौत हो गई। शख्स अस्पताल से कुछ दूर पहले ही गिर पड़ा और दम तोड़ दिया। बता दें कि वुहान से ही करॉना वायरस फैसला है। अब तक पूरी दुनिया के 18 देशों में इस बीमारी ने अपने पैर पसार लिए हैं।

**भारत ने 647 नागरिकों को चीन से किया एयरलिफ्ट**

भारत के केरल राज्य में भी इस बीमारी से पीड़ित एक लड़की मिली है। उधर भारत के विदेश मंत्रालय ने एयर इंडिया के सहयोग से चीन के वुहान में फंसे भारतीयों को निकालने का अभियान चलाया। 31 जनवरी से 2 फरवरी के बीच दिल्ली से दो फ्लाइट वुहान भेजी गईं। इन दोनों से 647 भारतीयों को दिल्ली लाया गया है। तीन दिन के इस ऑपरेशन में 78 स्टाफ की स्पेशल टीम को लगाया गया था। इसमें 68 एयर इंडिया से और 10 आरएमएल, सफदरजंग हॉस्पिटल के डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ थे। दोनों दिनों में दो अलग–अलग बोइंग 747 जंबो प्लेन लगाए गए थे।

## लंदन में चाकूबाजी में कई घायल, पुलिस ने हमलावर आतंकी को किया ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। साउथ लंदन के स्ट्रेटम इलाके में रविवार को एक हमलावर ने कई लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। बाद में पुलिस की गोली से हमलावर ढेर हो गया। लंदन पुलिस ने इसे आतंक से जुड़ा हमला करार दिया है। हमले में कई लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी सामने आते ही मेट्रोपॉलिटन पुलिस तत्काल हरकत में आई। वहीं, उन्होंने लोगों से उस इलाके से न गुजरने की अपील की गई। सोशल मीडिया पर दिखाई जा रही घटनास्थल की तस्वीरों में सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी संदिग्ध का पीछा करते दिख रहे थे। बाद में पुलिस ने संदिग्ध को मार गिराया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के मुताबिक, स्ट्रेटम में हथियारों से लैस अधिकारियों ने हमलावर को गोली मारी। इस वक्त ऐसा माना जा रहा है कि कई लोगों पर चाकू से हमला किया गया है। परिस्थितियों का मूल्यांकन किया जा रहा। हमले को आतंकी घटना करार दिया गया है।

**पीएम जॉनसन ने पुलिसकर्मियों को दिया धन्यवादः** पुलिस ने बाद में कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। घटना की सटीक परिस्थितियां अभी अपुष्ट हैं लेकिन कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने एक व्यक्ति के हाथ में एक बड़ा सा चाकू देखा। इसके बाद संदिग्ध को मार गिराया गया।



चीन ने दोस्त पाकिस्तान को भेजा करॉना जांचने वाला किट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने रविवार को बताया कि करॉना वायरस की जांच के लिए उसे चीन से 1,000 किट मिले हैं जिससे इस बीमारी से निपटने में उसकी क्षमता सुधरेगी। प्रधानमंत्री इमरान खान के स्वास्थ्य मामलों के विशेष सलाहकार जफर मिर्जा ने ट्विटर के जरिए इसकी जानकारी दी। मिर्जा ने ट्वीट किया, श्अब हमारे पास पाकिस्तान में कोरोना वायरस की जांच करने की क्षमता है। मैं अपने एनआईएच (नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ) नेतृत्व और अपनी टीम की जांच के इन उपकरणों को हासिल करने के लिए की गई मेहनत की सरहना करना चाहता हूं।

# चीन का आरोप, करॉना को लेकर डर पैदा कर रहा है अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन ने अमेरिका पर करॉना वायरस को लेकर डर व दहशत पैदा करने का आरोप लगाया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अमेरिका ने कोई ठोस सहायता मुहैया नहीं कराई है और इसे लेकर वह केवल दहशत पैदा कर रहा है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने कहा कि अमेरिका पहला देश है जिसने अपने दूतावास के स्टाफ को बुलाना शुरू किया और पहला देश है जिसने चीनी यात्रियों पर प्रतिबंध लगाए।

हुआ ने कहा, श्जो उसने किया है वह सिर्फ डर पैदा करेगा और

■अमेरिका पहला ऐसा देश है जिसने चीन से दूतावास कर्मियों को बुलाना शुरू किया है

इसे बढ़ाएगा, जो कि गलत उदाहरण है। श उन्होंने साथ ही कहा कि हमें उम्मीद है कि दुनियाभर के देश विज्ञान आधारित दावों के आधार पर अपनी राय बनाएंगे।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका में 8 लोग वायरस की चपेट में आए हैं। उसने गत शुक्रवार को करॉना को जन स्वास्थ्य आपदा घोषित करते हुए पिछले दो सप्ताह में चीन की यात्रा करने वाले विदेशी नागरिकों के देश में प्रवेश पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया था।

नए प्रतिबंध वायरस की चपेट में आए हुबेई प्रांत की यात्रा करने वाले अमेरिकी नागरिकों पर भी लागू होंगे। हुबेई की राजधानी वुहान में दिसंबर में कोरोना वायरस का संक्रमण फैलना शुरू हुआ था और अब यह संक्रमण दुनिया भर में फैल गया है।

विभिन्न देशों द्वारा चीन से आने वाले लोगों पर तमाम तरीके यात्रा प्रतिबंध लगाने के बावजूद यह संक्रमण 24 से अधिक देशों में फैल चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन इस पहले ही वैश्विक स्वास्थ्य आपदा घोषित कर चुका है। इसकी चपेट में आने से अब तक 361 लोगों की जान चुकी है और 17,205 मामलों की पुष्टि हुई है। चीन के अलावा फिलिपिन में इससे एक व्यक्ति की जान गई है।

## हैरी, मेगन की सुरक्षा का खर्च उठाने से कनाडा के अधिकतर लोगों ने इनकार किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉन्ट्रियल। कनाडा के अधिकतर लोगों का मानना है कि ब्रिटिश कोलंबिया में बस चुके प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल की सुरक्षा के लिए उनके देश को भुगतान नहीं करना चाहिए। इस बारे में स्पष्ट बहुमत सामने आया है। सीटीवी के लिए नानोस रिसर्च ने जिन लोगों से बात की उनमें से 77 फीसदी ने कहा कि कनाडा के करदाताओं को ड्यूक और डचेस ऑफ ससेक्स के लिए खर्च नहीं करना चाहिए क्योंकि वे कनाडा में महारानी के प्रतिनिधि के तौर पर नहीं रह रहे हैं। केवल 19 फीसदी कनाडाई लोगों ने कहा कि ब्रिटेन के शाही परिवार के सदस्यों की सुरक्षा का खर्च उनके देश द्वारा वहन करने से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। हैरी और मेगन की सुरक्षा का खर्च कौन वहन करेगा इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।हालांकि कनाडा के प्रशासन ने यह संकेत दिया है कि इस बारे में चर्चा चल रही है। इस सर्वेक्षण में कनाडा के एक हजार से अधिक लोगों से बात की गई।